Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up textile park in Sholapur City in Maharashtra.

डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर) : महोदय, मुझे शून्य काल में बोलने के लिए अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं ।

मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत शोलापुर शहर टेक्सटाइल सिटी के नाम से प्रसिद्ध है । देश को स्वतंत्रता मिलने के पूर्व से शोलापुर शहर में कपड़ा उद्योग चल रहा है । शोलापुर से चादर, टॉवेल, स्कूल यूनिफॉर्म, बेडशीट इत्यादि विदेशों में निर्यात किया जाता है । सरकार ने हाल ही में नए टेक्सटाइल पार्क के निर्माण करने की घोषणा की है । टेक्सटाइल पार्क के लिए लगने वाली जगह शोलापुर में उपलब्ध है । शोलापुर में कपड़ा उद्योग से जुड़े हुए कुशल कारीगर हजारों की संख्या में हैं ।

अत: मैं आपके माध्यम से माननीय वस्त्र उद्योग मंत्री से मांग करता हूं कि महाराष्ट्र के शोलापुर शहर में टेक्सटाइल पार्क निर्माण किए जाएं । मैं यही निवेदन करता हूं । धन्यवाद ।